<u>यूपीजीआईएस-2023</u>

यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के जुड़ने से यूपी की निवेश यात्रा को मिलेगी और गति: मा. सीएम

यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

सीएम योगी ने कहा- उत्तर प्रदेश अपने विकास की नई गाथा लिख रहा है

11 फरवरी, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में जारी निवेश महाकुंभ से यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के जुड़ने से यूपी की निवेश यात्रा को और गति मिलेगी। जीआईएस-23 के दौरान आपने उत्तर प्रदेश में व्याप्त असीम संभावनाओं को महसूस किया होगा। उत्तर प्रदेश अपने विकास की नई गाथा लिख रहा है। बेहतर कानून व्यस्था, कनेक्टिविटी और निर्बाध विद्युत की उपलब्धता से यहां निवेश का बेहतर माहौल बना है। उन्होंने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि आपका आपका निवेश यहां सुरक्षित और फलदाई रहेगा।

सीएम योगी ने शनिवार को बेल्जियम के पूर्व उप प्रधानमंत्री और यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के उपाध्यक्ष कृष पीटर्स के नेतृत्व में जीआईएस- 23 में हिस्सा लेने आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सबका स्वागत करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आप यूपी जीआईएस में शामिल हुए। इस सम्मेलन के दौरान आपको उत्तर प्रदेश निवेश की असीम संभावनाओं के बारे पता चला होगा। उन्होंने कहा कि यूपी भारत की आबादी का बहुत बड़ा राज्य है 25 करोड़ की जनसंख्या यहां निवास करती है, जो इसे भारत का सबसे बड़ा श्रम एवं उपभोक्ता बाजार बनाते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा वाला उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले छ वर्ष में यहां इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में बहुत कार्य हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए त्वरित गति से बुनियादी ढांचे का विकास किया है, जिससे उद्योगों को वैश्विक एवं घरेलू बाजार तक पहुंच बनाने में लॉजिस्टिक्स की सुलभता में वृद्धि होगी।

सीएम योगी ने कहा कि हमारे पास सबसे बड़ा लैंडबैंक है। उद्योग के हिसाब से औद्योगिक नीतियां हैं। मजबूत कानून व्यवस्था है। हम खाद्यान्न उत्पादन में न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि निर्यात भी कर रहे हैं। देश में सबसे अच्छी उपजाऊ जमीन उत्तर प्रदेश के पास है। उन्होंने कहा कि यूपी में निवेश करने वाले हर एक निवेशक के हितों को सुरक्षित रखने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को हर संभव सहायता दी जाएगी। प्रदेश में न केवल निवेशकों का हित सुरक्षित होगा, बल्कि उन्हें हर प्रकार का संरक्षण भी मिलेगा।

यूपी में हम इन्फ्रास्ट्रक्चर की विभिन्न परियोजनाओं में करेंगे निवेश: यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक

यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के उपाध्यक्ष और बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री कृष पीटर्स ने निवेश अनुकूल माहौल प्रदान कराने के लिए सीएम योगी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक ने मेट्रो परियोजना में निवेश किया है। साथ ही हम विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं जैसे- आरआरटीएस (मेरठ), ईवी चार्जिंग एवं एविएशन के क्षेत्र में अपना सहयोग प्रदान करने के लिए विचार कर रहें हैं। हम प्रदेश में 1.5 बिलियन डॉलर का निवेश कर रहे हैं।